# कार्यालय जिला सूचना आधिकारी, उत्तरकाशी
गंगोत्री भवन, जिला कार्यालय परिसर, उत्तरकाशी

ई–मेल -dinfouki@gmail.com दूरभाष :– 01374–222213 / फैक्स– 222213


पत्रांक : 175 / जि.सू.अ. / विविध / 2025–26 दिनांकः 08 नवम्बर, 2025

सेवा में,

01. श्री चिरंजीव सेमवाल (पत्रकार)।
02. श्री राजेश रतूड़ी (पत्रकार)।
03. अध्यक्ष, प्रेस क्लब भवन उत्तरकाशी।
04. महासचिव / सचिव, प्रेस क्लब भवन उत्तरकाशी।

महोदय,

कार्यालय जिलाधिकारी, उत्तरकाशी के पत्र संख्या 619 / विविध / 2025–26 दिनांक 07 नवम्बर, 2025 के द्वारा अद्योहस्ताक्षरी को दिए गये निर्देशों के क्रम में प्रेस क्लब भवन उत्तरकाशी, निकट विकास भवन लदाड़ी का संचालन सूचना अधिकारी द्वारा किए जाने के निर्देश दिए गये हैं।

अतः उक्त के अनुपालन में प्रेस क्लब भवन को लेकर गतिमान विवाद के दृष्टिगत प्रेस क्लब की सुविधा सभी पत्रकारों के हितार्थ उपलब्ध कराने हेतु प्रेस क्लब उत्तरकाशी के संचालन के सभी आवश्यक दस्तावेज एवं समस्त कुंजी कार्यालय जिला सूचना अधिकारी को दिनांक 09 नवम्बर, 2025 को अपराहन 12:00 बजे तक सौंपना सुनिश्चित करें।

08/11/2025

जिला सूचना अधिकारी
उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपि :** निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित

01. महानिदेशक सूचना, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग उत्तराखण्ड, देहरादून।
02. जिलाधिकारी महोदय, उत्तरकाशी।
03. पुलिस अधीक्षक, उत्तरकाशी।
04. उप जिलाधिकारी भटवाड़ी, उत्तरकाशी।
05. वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तरकाशी।
06. कार्यालय प्रति।

जिला सूचना अधिकारी
उत्तरकाशी।

Scanned with OKEN Scanner

**दिनांक 06 नवम्बर, 2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में प्रेस क्लब भवन, लदाड़ी, उत्तरकाशी के सम्बन्ध में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत है :-

1- अपर जिलाधिकारी उत्तरकाशी।
2- कोषाधिकारी, उत्तरकाशी।
3- जिला सूचना अधिकारी, उत्तरकाशी।
4- श्री राजेश रतूड़ी, संपादक गंगोत्री मेल उत्तरकाशी।
5- श्री बलबीर परमार, संपादक अरोण्दय टाइम्स, उत्तरकाशी।
6- श्री विपिन नेगी, संवाददाता दै. अमर उजाला, उत्तरकाशी।
7- श्री प्रकाश रांगड़, संवाददाता दै. राष्ट्रीय सहारा, उत्तरकाशी।

दिनांक 06.11.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय उत्तरकाशी में स्थित प्रेस क्लब भवन, लदाड़ी, उत्तरकाशी के सम्बन्ध में प्रेस क्लब के दो पक्षों में उत्पन्न गतिमान विवाद के निस्तारण के सम्बंध में बैठक आहूत की गयी। जिला सूचना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रेस क्लब के 02 पक्षों में विगत कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। इस सम्बन्ध में कतिपय प्रेस क्लब के प्रतिनिधियों द्वारा उक्त स्थिति संज्ञान में लायी गयी।

बैठक में प्रेस क्लब के विवाद के सम्बन्ध में चर्चा में सूचना अधिकारी ने बताया कि प्रेस क्लब के उक्त दोनों पक्षों को बैठक में उपस्थित होने के सम्बन्ध में यथासमय सूचना प्रेषित की गयी थी। किन्तु बैठक में एक पक्ष के पत्रकार श्री राजेश रतूड़ी उपस्थित हुये, दूसरे पक्ष के श्री चिरंजीव सेमवाल अथवा उनका कोई प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित नहीं हुये। श्री चिरंजीव सेमवाल द्वारा सूचना अधिकारी को लिखित में अवगत कराया है कि उक्त के सम्बन्ध में प्रकरण मा0 न्यायालय में विचाराधीन है, किन्तु इस सम्बन्ध में कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये गये। बैठक में विचारोंविमर्श निम्नानुसार निर्देश दिये गये है-

1- जनपद के कतिपय पत्रकारों की प्रेस क्लब में वित्तीय अनियमितताओं सम्बंधी शिकायतों के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी, भटवाड़ी को निर्देश दिये गये कि वह उक्त शिकायत के सम्बन्ध में जॉच कर शीघ्र ही जांच आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगी।

**( कार्यवाही-उप जिलाधिकारी भटवाड़ी, उत्तरकाशी। )**

02- प्रेस क्लब के पंजीकरण के सम्बन्ध में वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तरकाशी को निर्देश दिये गये कि वह प्रेस क्लब के पंजीकरण सम्बन्धी अभिलेखों का संगत नियमों के आलोक में गहन परीक्षण करें तथा वर्तमान में वैध कार्यकारिणी निर्धारण सम्बन्धी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

**( कार्यवाही- वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तरकाशी। )**

.......2

Scanned with OKEN Scanner

03– जिला सूचना अधिकारी, उत्तरकाशी को निर्देश दिये गये कि प्रेस क्लब के गतिमान विवाद के दृष्टिगत प्रेस क्लब की सुविधा सभी पत्रकार बंधुओं के हितार्थ उपलब्ध कराने हेतु प्रेस क्लब का स्वयं संचालन करना सुनिश्चित करें।

( कार्यवाही– जिला सूचना अधिकारी, उत्तरकाशी।

( प्रशान्त आर्य )
जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

# कार्यालय जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

संख्या– 613 /विविध/2025–26 दिनांकः07 नवम्बर, 2025

प्रतिलिपि – निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित–

1– महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
2– उपरोक्त अधिकारीगणों को अनुपालनार्थ प्रेषित।

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

Scanned with OKEN Scanner